प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव आज से जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। 12 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव की थीम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार रखी गई है। महोत्सव के दौरान कल विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी, जिनमें समूह लोकनृत्य, लोक गायन, कविता और कहानी लेखन तथा पेन्टिंग प्रतियोगिता शामिल हैं। इन सभी प्रतियोगिताओं में पहला स्थान हांसिल करने वाले युवा नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। इसी क्रम में 10 जनवरी को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। 11 जनवरी को कबड्डी, रस्साकसी, खो–खो की प्रतिस्पर्धाएं रखी जायेगी। 12 जनवरी को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा युवा साथी केन्द्र का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। वे राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को यूथ आईकन अवॉर्ड से नवाजेंगे।

..........................

केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देशभर में चालक प्रशिक्षण संस्थान बनाने के लिए योजना की घोषणा की है। योजना के तहत संस्थान के लिए प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। श्री गडकरी ने कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है तथा सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। श्री गडकरी ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ हुई बैठक में परिवहन क्षेत्र में बदलावों पर चर्चा हुई। श्री गडकरी ने कहा कि बैठक में सभी मुद्दों, इनके समाधान तथा सड़क और परिवहन क्षेत्र में विकास के उपायों पर भी विचार विमर्श किया गया।

..........................

राज्य के शेखावाटी अंचल के किसानों को यमुना का जल उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा के साथ यमुना जल समझौता किया गया है। इस समझौते पर काम करने के लिए राजस्थान और हरियाणा दोनों राज्यों के अधिकारियों की ज्वॉइंट टास्क फोर्स बनाई जायेगी, जो डीपीआर पर काम शुरू करेगी। यमुना जल समझौते को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ चर्चा की। श्री शर्मा ने कहा कि यमुना जल समझौता दोनों राज्यों के लिए बहुत अच्छा साबित होगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा हरियाणा का अतिरिक्त पानी राजस्थान को मिले, यह एक सकारात्मक पहल है।

..........................

प्रदेशभर में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न जिलों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसी कडी में आज जैसलमेर के पोकरण में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। सवाईमाधोपुर में परिवहन विभाग की ओर से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले लोगों को फूल भेंट कर यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई। हनुमानगढ़ में परिवहन विभाग और ट्रेफिक पुलिस की ओर से वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाये गये। इस दौरान बेसहारा पशुओं को काऊ बेल्ट भी पहनाई गई।

..........................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अलवर नगर निगम के राजस्व अधिकारी युवराज युधिष्ठर मीणा को जयपुर में देर रात कार्रवाई करते हुए 3 लाख रूपये की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश महरडा ने बताया कि परिवादी से ये राशि यूडी टेक्स एकत्रित करने के टेन्डर की प्रक्रिया पूरी करने की एवज में मांगी गई थी। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई और आरोपी के साथ दलाल को भी गिरफ्तार किया गया।

..........................

प्रदेश में कडाके की ठण्ड और शीतलहर से जनजीवन पर खासा असर पड रहा है। घने कोहरे से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित है। रात के साथ ही दिन के पारे में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सीकर का फतेहपुर 1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। दौसा, उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौडगढ़ और चूरू में न्यूनतम तापमान 4 से साढे चार डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में भी तापमान में कमी आई है और ये 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं दिन का तापमान लगभग सभी स्थानों पर 20 डिग्री सैल्सियस के आस—पास रिकॉर्ड किया गया। आज सुबह भी कई इलाको में घना कोहरा छाया रहा। पाली में धुंध के कारण दृश्यता कम होने से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ा। जालोर में मवेशियों को ठण्ड से बचाने के लिए पशुपालक विभिन्न उपाय कर रहे है। इस बीच कुछ और जिलो में भी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक बच्चों की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। हनुमानगढ़ में आंगनबाडी केन्द्रों पर 3 से 6 साल तक के बच्चों की 11 जनवरी तक छुट्टी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार 10 जनवरी से राज्य में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जयपुर, बीकानेर और भरतपुर संभाग में शीतलहर की संभावना हैं। वहीं अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार है।

..........................